दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 16.03.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर। दिनांक 16 मार्च 2026 को आई.क्यू.ए.सी समिति की आंतरिक एवं बाह्य सदस्यों के साथ नैक मूल्यांकन की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोरखपुर के मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, प्रबंध समिति के सदस्य प्रमथ नाथ मिश्रा, गोरखपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सी.एम. सिन्हा, प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह, आई.क्यू.ए.सी समन्वयक प्रो ओम प्रकाश सिंह,वरिष्ठ सदस्य प्रो नित्यानंद श्रीवास्तव, अभिभावक प्रतिनिधि, विद्यार्थी प्रतिनिधि सहित क्राइटेरिया 1 से 7 तक के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक में NAAC मूल्यांकन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। क्राइटेरिया 1 से 7 तक के सभी समन्वयकों एवं सदस्यों ने अपने–अपने क्राइटेरिया से संबंधित अब तक की तैयारियों, दस्तावेज़ों तथा प्रस्तावित कार्ययोजना की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थान द्वारा गुणवत्ता उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और NAAC मूल्यांकन के माध्यम से संस्थान की शैक्षणिक एवं सामाजिक भूमिका और सुदृढ़ होगी। प्रबंध समिति के सदस्य प्रमथ नाथ मिश्रा एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. सी. एम. सिंह ने भी संस्थान को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सभी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का सुझाव दिया।

प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि NAAC मूल्यांकन संस्थान के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है और इसके लिए सभी विभागों एवं समितियों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा ताकि संस्थान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। वहीं IQAC समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को NAAC के विभिन्न मानकों, आवश्यक दस्तावेजों तथा समयसीमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी क्राइटेरिया टीमों से निर्धारित समय के भीतर तैयारियां पूर्ण करने का आग्रह किया।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने NAAC मूल्यांकन की तैयारियों को और सुदृढ़ बनाने तथा संस्थान को उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने का संकल्प लिया।

(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क